CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 255 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 14 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अफवाहों के बीच कलेक्टर की अपील: जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं

### पैनिक बुकिंग व कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर फैली अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए आमजन से घबराने की बजाय संयम बनाए रखने की अपील की है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति की जा रही है। कलेक्टर संधू ने बताया कि जिले में कहीं भी गैस की कमी की स्थिति नहीं है। उन्होंने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और अनावश्यक पैनिक बुकिंग या



सिलेंडरों का भंडारण करने से बचने की अपील की है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

गैस रिफिल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता 112, 181 और 14435 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिससे समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके।

### एजेंसियों को सख्त निर्देश

जिला कलेक्टर ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि गैस सिलेंडरों की बुकिंग नियमानुसार की जाए तथा केवल पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही ओटीपी के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी दी जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

### कालाबाजारी रोकने के लिए सतर्कता यूनिट गठित

जिला प्रशासन ने गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या दुरुपयोग की शिकायतों पर निगरानी के लिए जिला सतर्कता यूनिट का गठन किया है। साथ ही स्कूल, अस्पताल, ट्रस्ट और जेल जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

## जोगणियां माता शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि महोत्सव 19 मार्च से, कलश यात्रा से होगी शुरुआत



**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू ।**

**दिनेश गुर्जर**

क्षेत्र के प्रसिद्ध जोगणियां माता शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजनों की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर प्रबंधन एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन, यज्ञ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

मंदिर संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि 19 मार्च को घट स्थापना और ध्वज स्थापना के साथ नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसी दिन वेद विद्यालय के विद्वान पंडितों और बटुकों के सान्निध्य में सुबह 9:15 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात्रि 1 बजे तक माता के श्रृंगार पूजन, अर्चन और आरती दर्शन होंगे। वहीं सुबह 8:30 बजे से पंचकुंडीय महायज्ञ, शतचंडी परायण, अखंड रामायण पाठ और श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही श्रद्धालुओं के मनोरंजन और आध्यात्मिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके अलावा 21, 23, 25 और 26 मार्च को रामलीला के पश्चात लोक कलाकारों द्वारा रात्रि जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

महोत्सव के दौरान गायत्री शक्तिपीठ में प्रतिदिन गायत्री पुरश्चरण और यज्ञ अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। नवरात्रि महोत्सव का समापन 27 मार्च को दोपहर 1:15 बजे पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।

वहीं स्थानीय प्रशासन ने महोत्सव के दौरान प्लास्टिक के उपयोग और ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं, ताकि धार्मिक आयोजन स्वच्छ और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## चाकू की नोक पर युवक से सोने की चेन लूटी, पीछा करने पर साथी पर हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चाकू की नोक पर लूट की वारदात सामने आई है। आरोपी ने युवक को धमकाकर उसके गले से सोने की चेन छीन ली और पीछा करने पर उसके साथी पर भी चाकू से हमला कर दिया। घटना में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुर निवासी



भरत माली अपने दोस्त पवन के साथ घर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान विनोद पारीक नामक युवक वहां पहुंचा और उनसे कहीं चलने के बारे में पूछने लगा। दोनों ने होटल जाने की बात कही तो वह भी उनके साथ चला गया।

होटल पहुंचने के बाद आरोपी ने भरत को थोड़ा आगे बुलाया और अचानक चाकू निकालकर उसकी गर्दन पर लगा दिया। आरोपी ने धमकाते हुए भरत के गले से सोने की चेन छीन ली और मौके से भागने लगा। इस दौरान भरत का साथी पवन ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने पवन पर भी चाकू से वार कर दिया और वहां से फरार हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## रीट भर्ती में फर्जी मार्कशीट गिरोह का खुलासा, मास्टरमाइंड सहित तीन गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

(गजानंद जोशी)। राजस्थान में सरकारी नौकरियों की पारदर्शिता को चुनौती देने वाले फर्जीवाड़े के एक मामले का खुलासा करते हुए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने रीट भर्ती 2022-23 में फर्जी मार्कशीट के जरिए शारीरिक शिक्षक (पीटीआई) पद पर नियुक्ति पाने की कोशिश करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी की टीम ने जामोली निवासी ज्योतिराज सिंह राजपूत, पडेर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यरत पीटीआई योगेंद्र सिंह शेखावत तथा सवाई माधोपुर निवासी ममता योगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज तैयार कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाने का संगठित नेटवर्क चला रहा था। जानकारी के अनुसार मामला रीट भर्ती 2022-23 की काउंसलिंग और दस्तावेज सत्यापन के दौरान सामने आया। जांच के दौरान कुछ अभ्यर्थियों की मार्कशीट पर संदेह होने पर संबंधित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से सत्यापन कराया गया, जिसमें प्रस्तुत की गई मार्कशीट पूरी तरह फर्जी पाई गई।

पडेर थानाधिकारी कमलेश मीणा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में योगेंद्र सिंह शेखावत इस पूरे फर्जीवाड़े का मुख्य सूत्रधार सामने आया है, जो अभ्यर्थियों को फर्जी मार्कशीट तैयार कर उपलब्ध करवाता था। मामले के तार शिक्षा विभाग के भीतर तक जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल एसओजी पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

(सांवर वैष्णव)। नेशनल हाईवे 758 पर कस्बे और ढेलाणा गांव के बीच शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सवाईपुर चौकी के कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि डेयरी के पास हुए इस हादसे में छगन पिता भूरा मेघवंशी (32) निवासी भीलवाड़ा सहित एक अन्य युवक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कुएं में गिरने से युवक की मौत, खेत पर इंजन चालू करते समय हुआ हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के रुपपुरा गांव में शुक्रवार सुबह एक हादसे में खेत पर काम कर रहे युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक खेत पर इंजन चालू करने गया था, इसी दौरान पैर फिसलने से वह बिना मुंडेर वाले कुएं में जा गिरा।



पुलिस ने बताया की रुपपुरा निवासी धर्मीचंद भील (27) पुत्र ईश्वर भील सुबह अपने खेत पर इंजन चालू करने के लिए गया था। इंजन चालू करते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पास ही बने कुएं में गिर गया। कुएं पर मुंडेर नहीं होने के कारण वह सीधे गहराई में जा गिरा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत शंभूगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकाला गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने शव को आसींद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवा पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

## अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

(रोशन)। क्षेत्र में अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सिंगपुरा रोड पर अवैध बजरी खनन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल बजरंग लाल, कांस्टेबल संदीप स्वामी और कांस्टेबल हरिराम शामिल रहे।

## 15 मार्च तक भरें भार वाहनों का टैक्स, इसके बाद होगी सख्त कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**


भार वाहनों का कर (टैक्स) जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। इसके बाद परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा बकाया वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रमुख मार्गों पर 24 घंटे उड़नदस्तों की तैनाती कर सघन जांच की जाएगी।

जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान कर जमा नहीं कराने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा। वाहन जब्त होने के बाद देय कर के साथ शास्ति (पेनल्टी) भी वसूली जाएगी, जो वाहन के कर के बराबर तक हो सकती है।

उन्होंने सभी भार वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे 15 मार्च से पूर्व अपने वाहनों का बकाया कर जमा करा दें, ताकि राज्यभर में चलाए जा रहे जांच अभियान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विभाग द्वारा बकाया वाहनों को चिन्हित किया जा चुका है तथा संबंधित वाहन स्वामियों को पूर्व में नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं।

अब भी कर जमा नहीं कराने वाले वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र को निलंबित करने की कार्रवाई प्रस्तावित है। साथ ही कर वसूली के लिए वाहन स्वामियों के अन्य वाहनों या अचल संपत्तियों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें भी जब्त किया जा सकता है।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि कर जमा कराने की सुविधा के लिए राजकीय अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रहेंगे। वाहन स्वामी स्वयं या किसी अन्य के माध्यम से कर जमा करा सकते हैं। इसके अलावा वाहन पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।



CMYK

# अफवाहों से पैनिक बुकिंग, गैस एजेंसी पर दिनभर लग रही लाइनें

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते रसोई गैस सिलेंडरों को लेकर फैली अफवाहों के कारण गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग सुबह से ही एजेंसी पहुंचकर लंबी लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, ताकि समय पर गैस सिलेंडर मिल सके। हालांकि गैस एजेंसी प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

गैस एजेंसी के सह संचालक गौरांग गुरुजी ने बताया कि क्षेत्र में गैस सप्लाई की पर्याप्त व्यवस्था है और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अफवाहों के चलते लोग पैनिक में आकर एक साथ बड़ी संख्या में एजेंसी पहुंच रहे हैं, जिससे अनावश्यक भीड़ की स्थिति बन रही है।



उन्होंने बताया कि पूर्व में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की जा रही थी, लेकिन वर्तमान में चल रही अफवाहों के चलते सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखते हुए फिलहाल इसे अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। उपभोक्ताओं को एजेंसी पर ही सिलेंडर की सप्लाई की जा रही है ।

गौरांग गुरुजी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एजेंसी कार्यालय से सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए व्यवस्था में बदलाव करते हुए कैश काउंटर की संख्या बढ़ाकर तीन कर दी गई है, ताकि गैस वितरण प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रह सके। एजेंसी से जुड़े सभी कार्मिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

इधर कॉमर्शियल गैस की किल्लत का असर होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर भी दिखाई देने लगा है। कई स्थानों पर गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं होने के कारण संचालकों को मेन्यू में कटौती करनी पड़ रही है। वहीं कुछ जगहों पर सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं होने से भोजन बनाने का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। होटल और ढाबा संचालकों का कहना है कि गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य होने तक उन्हें सीमित संसाधनों में ही काम चलाना पड़ रहा है।

गैस एजेंसी प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पैनिक बुकिंग या भंडारण से बचें।

## एसडीएम ने गैस एजेंसी का किया औचक निरीक्षण





नगर में संचालित इंडेन गैस एजेंसी का शुक्रवार को उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडरों के भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों और स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई।

एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर ही गैस उपलब्ध कराई जाए तथा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कुछ व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता बताते हुए एजेंसी संचालकों को निर्धारित समय सीमा में सुधार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रशासन ने आमजन से गैस वितरण से संबंधित किसी भी शिकायत की सूचना उपखंड कार्यालय को देने की अपील की है।

## आयकर आयुक्त प्रसून काबरा बने बास्केटबॉल नेशनल कॉर्डिनेटर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा निवासी एवं आयकर विभाग में कमिश्नर प्रसून काबरा (आईआरएस) को सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स (सीबीडीटी), नई दिल्ली द्वारा विभागीय खेल गतिविधियों के अंतर्गत नेशनल कॉर्डिनेटर (बास्केटबॉल) नियुक्त किया गया है। वर्तमान में काबरा हैदराबाद (तेलंगाना) में आयकर विभाग में कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के बाद भीलवाड़ा सहित पूरे राजस्थान में खुशी का माहौल है। नेशनल कॉर्डिनेटर के रूप में काबरा देशभर में आयकर विभाग के अधिकारियों व



कर्मचारियों के बीच बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देने, प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा विभिन्न राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान आज से

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक व तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कस्बे में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर ने बताया कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार यह कार्यशाला 14 व 15 मार्च को रॉयल वाटिका में आयोजित होगी।तंवर ने बताया कि कार्यशाला के पहले सत्र में विधायक जब्बर सिंह सांखला तथा मुख्य वक्ता एडवोकेट उम्मेद सिंह राठौड़ मार्गदर्शन देंगे, जबकि दूसरे सत्र में अमित सारस्वत सोशल मीडिया, सरल ऐप और नमो ऐप की जानकारी देंगे।वर्ग प्रभारी गोपाल सिंह चुंडावत ने बताया कि कार्यशाला को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें प्रशिक्षण मंडल टोली, मोर्चा अध्यक्ष, विधानसभा संयोजक व सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, पार्षद तथा पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

## आसींद में गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

डीलक्स इंडेन गैस एजेंसी के संचालक आबिद हुसैन रंगरेज ने बताया कि क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बाजार में फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक पैनिक बुकिंग या सिलेंडर भंडारण से बचें।

उन्होंने बताया कि गैस वितरण में पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त करते समय ष्ठस्ट या ह्ज्ञक्क देना अनिवार्य होगा। बिना कोड सत्यापन के सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। संचालक ने कहा कि गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए उपभोक्ता संयम रखें और केवल आवश्यकता अनुसार ही रिफिल बुक करें। किसी भी जानकारी के लिए एजेंसी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## विद्यालय में चोरी: सात कमरों के ताले तोड़कर सिलेंडर, एलईडी व पोषाहार सामग्री ले गए चोर



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।

**दिनेश पारीक ।** उपखंड क्षेत्र के पारोली थाना इलाके के मानकपूरा गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को देर रात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर विद्यालय के सात कमरों के ताले तोड़कर अंदर रखा सामान चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की बड़ी संख्या विद्यालय परिसर में एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर पारोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पारोली थाना प्रभारी सियाराम ने बताया कि चोर सात कमरों के ताले तोड़कर दो गैस सिलेंडर, एक एलईडी टीवी, दो गेम्स किट बैग, एक साउंड बॉक्स सेट तथा पोषाहार सामग्री चोरी कर ले गए। पोषाहार में करीब 5 किलो तेल, 5 किलो दाल, प्याज-टमाटर सहित एक बक्सा भी शामिल है, जिसमें विद्यालय का रिकॉर्ड रखा हुआ था।पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## भोपतपुरा टोल प्लाजा को लेकर उठे सवाल, जांच और कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**रमेश गुर्जर।** बूंदी स्टेट हाईवे पर भोपतपुरा के पास संचालित टोल प्लाजा को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने टोल प्लाजा पर अनियमितताओं और कर्मचारियों के दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच करवाने और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में बताया गया कि उक्त टोल प्लाजा बिजोलिया कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। जबकि नियमों के अनुसार टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर दायरे में आने वाले गांवों के वाहनों को पहचान



पत्र दिखाने पर छूट मिलनी चाहिए, लेकिन स्थानीय लोगों को इस सुविधा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि स्टेट हाईवे के नियमों के अनुसार दो टोल प्लाजा के बीच करीब 60 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए, जबकि यहां यह दूरी लगभग 25 से 30 किलोमीटर ही बताई जा रही है, जो नियमों के अनुरूप नहीं है।

इसके अलावा टोल प्लाजा से मिलने वाली रसीद पर अंकित क्यूआर कोड के स्कैन नहीं होने और टोल के नाम को लेकर भी संदेह जताया गया है। लोगों का आरोप है कि टोल पर कार्यरत कुछ कर्मचारी वाहन चालकों से अभद्र व्यवहार करते हैं और कई बार महिलाओं के सामने भी अनुचित भाषा का प्रयोग किया जाता है। विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने जैसी घटनाएं भी सामने आने की बात कही गई है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि टोल प्लाजा की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि इसमें अनियमितताएं पाई जाती हैं तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई करते हुए टोल को निरस्त किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस दौरान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अनिल राव , यशवंत सिंह पुंगलिया , रणजीत सिंह कानावत, कुंज बिहारी मेहर ,मनीष टॉक , विवेक नलवाया , मीवाश नलवाया ,अक्षय कुमार ,उमेश शर्मा ,रजत ,कैलाश धोबी सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

## दशा माता पूजन को लेकर मंदिरों में उमड़ी सुहागिन महिलाओं की भीड़,पीपल पूजन और कथा के साथ मनाया पर्व





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**(नरेश धाकड़)** कस्बे में शुक्रवार को दशा माता का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने व्रत-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और अच्छी दशा की कामना की।

कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर मनाए जाने वाले इस पर्व पर सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर मंदिरों तथा पीपल के पेड़ के पास एकत्रित हुईं। महिलाओं ने विधि-विधान से दशा माता का पूजन किया और सामूहिक रूप से राजा नल व रानी दमयंती की कथा सुनी।

व्रतधारी महिलाओं ने कच्चे सूत का दस तार का डोरा बनाकर उसमें दस गांठें लगाईं और पीपल के पेड़ की दस बार परिक्रमा की। इसके बाद पेड़ के तने पर पवित्र सूती धागा बांधा गया।

परंपरा के अनुसार महिलाओं ने दशा माता के लिए बेसन के गहने भी बनाए और पीपल, बरगद व नीम के पेड़ों की त्रिवेणी का पूजन किया।

पूजन के दौरान पीपल के वृक्ष को भगवान विष्णु का स्वरूप मानकर श्रद्धापूर्वक आराधना की गई। व्रतधारी महिलाओं ने अपने परिवार की खुशहाली, समृद्धि और संकटों से मुक्ति की कामना की।

पूजा के बाद महिलाओं ने घर के मुख्य द्वार के दोनों ओर हल्दी और कुमकुम से शुभ रेखाचित्र बनाकर देवी-देवताओं से घर में सुख-शांति और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार दशा माता का व्रत एक बार शुरू करने के बाद जीवनभर किया जाता है।




QUICK BITES

## राष्ट्रीय लोक अदालत व बाल विवाह रोकथाम को लेकर दी विधिक जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।




**मानव तिवारी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल विवाह रोकथाम, बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण विधिक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पीएलवी राम बाबू माथुर एवं सुनीता नायक ने उपस्थित लोगों को कानून से जुड़ी विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया और बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए समाज को जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशांत सी.सी. गलीगर, अंकुर शर्मा, मनोज गुप्ता, टोनू मेवाड़ा, बलवंत बंजारा, देवेंद्र गहलोत, देवेंद्र राजावत, आदित्य शुक्ला, सतीश , लखन विजवर्गीय, लोकेश शर्मा, महेश चौधरी, महेश माली, दुर्गा शंकर खटीक तथा हेमंत राठौड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## प्रभु में मन लगाओ, जीवन हो जाएगा आनंदमयः भगवतीकृष्ण महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





ऋष्य श्रृंग संस्थान, हरणी महादेव रोड स्थित परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के तीसरे दिन कथावाचक भगवतीकृष्ण महाराज ने कहा कि जब मनुष्य अपने मन को ईश्वर से जोड़ लेता है तो उसके सभी कार्य सहज रूप से पूर्ण होने लगते हैं। प्रभु भक्ति से जीवन में आनंद और शांति का संचार होता है। कथा वाचन के दौरान उन्होंने मीरा बाई की कृष्ण भक्ति का उदाहरण देते हुए बताया कि सच्चे प्रेम और भक्ति के मार्ग में कई बाधाएं आती हैं, लेकिन दृढ़ आस्था रखने वाला भक्त अंततः भगवान से जुड़ जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में माता-पिता, गुरु तथा चिकित्सक से कभी भी कोई बात छिपानी नहीं चाहिए, क्योंकि यही जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। महाराज ने कहा कि जब भी मन में कोई अच्छा कार्य करने की भावना आए तो उसे टालना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत उसे कर डालना चाहिए, क्योंकि कई बार स्वयं प्रभु ही हमसे वह कार्य करवाना चाहते हैं।

इस अवसर पर शंकरलाल पारीक महेशपुरा ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं जिला पारीक परिषद भीलवाड़ा के अध्यक्ष भेरूलाल पारीक सहित कार्यकारिणी सदस्यों का व्यासपीठ से सम्मान किया गया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बायोगैस प्लांट से किसान बना आत्मनिर्भर, गोबर से तैयार हो रही गैस और जैविक खाद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले के फूलिया कलाँ क्षेत्र के प्रगतिशील किसान रतनलाल बैरवा ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अपने घर पर बायोगैस प्लांट स्थापित कर एक मिसाल पेश की है। राजस्थान सरकार और कृषि विभाग के सहयोग से 26 जनवरी को सिस्टमा बायो कंपनी द्वारा बायोगैस प्लांट लगाया गया, जिसकी कुल लागत करीब 49,500 रुपये रही। यह प्लांट फूलिया कलाँ किसान उत्पादक संगठन के सहयोग से स्थापित किया गया है।

किसान रतनलाल बैरवा के पास तीन गायें और दो भेड़ें हैं, जिनसे प्रतिदिन प्राप्त होने वाले गोबर का उपयोग इस बायोगैस प्लांट में किया जाता है। इससे गैस के साथ-साथ जैविक खाद भी तैयार हो रही है, जिससे खेतों में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो रही है।यह बायोगैस प्लांट मटेरियल से बना है, जिसकी अनुमानित आयु 10 वर्षों से अधिक है। इसकी क्षमता 2.5 घन मीटर है और यह प्रतिमाह लगभग 26.72 किलोग्राम मीथेन गैस का उत्पादन करता है, जो करीब दो एलपीजी सिलेंडर के बराबर है। इस गैस का उपयोग किसान परिवार द्वारा दैनिक भोजन बनाने में किया जा रहा




है, जिससे घरेलू खर्च में भी बचत हो रही है। किसान रतनलाल ने बताया कि प्लांट में गोबर और पानी मिलाकर मिश्रण तैयार किया जाता है। मौसम के अनुसार इसकी मात्रा भी अलग-अलग रखी जाती है। गर्मियों में करीब 60 किलो गोबर व 120 लीटर पानी, सर्दियों में 30 किलो गोबर व 60 लीटर पानी तथा वर्षा ऋतु में 40 किलो गोबर व 80 लीटर पानी मिलाया जाता है। प्लांट से निकलने वाली जैविक स्लरी खेतों के लिए उपयोगी जैव उर्वरक का काम करती है। रतनलाल बैरवा का कहना है कि बायोगैस प्लांट लगने से घर में गैस सिलेंडर पर खर्च कम हुआ है, स्वच्छ और धुआँ रहित ईंधन मिल रहा है, गोबर का बेहतर उपयोग हो रहा है तथा खेतों के लिए जैविक खाद भी उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि यह प्लांट न केवल उनके परिवार के लिए ऊर्जा का स्थायी स्रोत बना है, बल्कि आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

# बाकरां में महाकालिका माताजी मूर्ति स्थापना से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

क्षेत्र के ग्राम बाकरां में श्री आरणा माताजी के स्थान पर आयोजित महाकालिका माताजी की मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति महोत्सव के तहत शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। शुक्रवार सुबह ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में 101 कलश सिर पर धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई। यात्रा की शुरुआत खड़कुवा महादेव मंदिर से हुई, जहां विधि-विधान के साथ





जल भरकर यात्रा को आगे बढ़ाया गया। इसके बाद भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा को बाद में खेड़ा बड़ माताजी के स्थान पर भी ले जाया गया, जहां पुजारी द्वारा स्नान कर पूजा-अर्चना की गई और आगामी पूर्णाहुति कार्यक्रम के लिए विधिवत निमंत्रण दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आयोजन समिति के भगवान पाराशर ने बताया कि महाकालिका माताजी की मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, हवन-पूर्णाहुति एवं सत्संग का आयोजन दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। रविवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा भी शामिल होंगे। इस दौरान पंडित रत्नलाल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा और गोविंद शर्मा के सानिध्य में मूर्ति स्थापना, हवन और पूर्णाहुति संपन्न होगी।

# अतिक्रमण हटाने के बाद बाजारों में पुनर्निर्माण की मांग

## भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के मुख्य बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर तोड़े गए निर्माण के बाद पुनर्निर्माण कार्य को सुव्यवस्थित और शीघ्र पूर्ण कराने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद कई स्थानों पर व्यापारियों का दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। ऐसे में जिन स्थानों पर निर्माण हटाया गया है, वहां मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य भी उतनी ही तत्परता और योजनाबद्ध तरीके



से करवाया जाना आवश्यक है।

मेवाड़ा ने कहा कि आगामी दिनों में नवरात्रि, शादी-ब्याह और आखा तीज जैसे प्रमुख त्योहारों के चलते बाजारों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। इसलिए बाजारों को जल्द से जल्द उनके मूल स्वरूप में लाना जरूरी है, ताकि व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मेवाड़ा ने यह भी कहा कि शहर के भीतरी हिस्सों और आवासीय कॉलोनियों में इस प्रकार की कार्रवाई से पहले आमजन को विश्वास में लिया जाना चाहिए। यदि कार्रवाई आवश्यक हो तो उसे सर्वे के आधार पर केवल उन क्षेत्रों में सीमित रखा जाए जहां जलभराव, गंदे पानी की निकासी में अवरोध या गंभीर जन-शिकायतें हों। साथ ही कार्रवाई से पूर्व नोटिस या सार्वजनिक सूचना देकर लोगों को अवगत कराया जाना चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि सभी स्थानों पर एक साथ कार्रवाई करने के बजाय पहले बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों के पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए, ताकि प्रशासन के लिए कार्य सुचारू रूप से पूरा करना आसान हो और आमजन को राहत मिल सके। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शहर के बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए मार्च माह में ही पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आवासीय क्षेत्रों में कार्रवाई को लेकर भी योजना बनाकर आमजन को विश्वास में लेते हुए जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा, मंजू चेचाणी, जिला मंत्री आरती कोगटा, जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष पंकज मानसिंहका, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, बीएलए वन मुकेश चेचाणी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली में युवक की हत्या के विरोध में दिया ज्ञापन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के दिन एक युवक की हत्या के मामले को लेकर शाहपुरा में खटीक समाज और अंबेडकर विचार मंच ने रोष जताते हुए उपखंड अधिकारी मुकेश मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी सजा दिलाने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि 4 मार्च को दिल्ली के उत्तम नगर थाना क्षेत्र स्थित



हस्तसाल कॉलोनी में होली के दौरान रंग गिरने की बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि रात के समय जब युवक तरुण खटीक घर लौट रहा था, तब कुछ लोगों ने उस पर हॉकी, बेल्ट और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। ज्ञापन में सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग रखी गई। इस दौरान खटीक समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण चावला, उपाध्यक्ष मदन बाछड़ा, सचिव रमेश टेपण सहित समाज के कई पदाधिकारी एवं अंबेडकर विचार मंच के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र घुसर समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

# जीव दया अभियान की शुरुआत, 100 पानी की टंकियों व गौ पात्रों का निःशुल्क वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के जीव दया अभियान के तहत बसंत विहार स्थित निम्बार्क आश्रम में 500 सीमेंट की पानी की टंकियों एवं गौ पात्रों के निःशुल्क वितरण अभियान की शुरुआत की गई। प्रथम चरण में संगठन मंत्री हरीश नम्रता काकाणी ने अपने माता-पिता स्व. ओमप्रकाश व स्व. कुंजलता काकाणी की स्मृति में 100 टंकियों व गौ पात्रों का संकल्प



पत्र भरवाकर वितरण कराया।

कार्यक्रम महंत मोहनशरण शास्त्री, शहर विधायक अशोक कोठारी और एडवोकेट गौरव आचार्य के सान्निध्य में आयोजित हुआ। अतिथियों ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए गौ सेवा को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार बताया। जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब व संरक्षक हेमंत कोठारी ने बताया कि अभियान के तहत मार्च माह में 500 सीमेंट की टंकियों व गौ पात्रों का वितरण कर गौवंश के लिए गर्मी में पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन व आभार जिला महामंत्री ललित मधु लोढ़ा ने व्यक्त किया। इस दौरान कई समाजसेवी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पीपल पूजन के साथ महिलाओं ने मनाया दशा माता व्रत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

कस्बे में पीपल और बरगद के वृक्ष को देव स्वरूप मानकर दशा माता का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने व्रत-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और अच्छी दशा की कामना की। कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि



पर मनाए जाने वाले इस पर्व पर सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पीपल के पेड़ के पास एकत्रित हुईं। महिलाओं ने विधि-विधान से दशा माता का पूजन कर सामूहिक रूप से राजा नल और रानी दमयंती की कथा सुनी।

व्रतधारी महिलाओं ने कच्चे सूत का डोरा बनाकर उसमें दस गाठें लगाई और पीपल के पेड़ की दस बार परिक्रमा की। इसके बाद पेड़ के तने पर पवित्र सूती धागा बांधा गया। पूजन के दौरान महिलाओं ने परिवार की खुशहाली, समृद्धि और संकटों से मुक्ति की कामना की।

# दशा माता का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**

कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को महिलाओं ने दशा माता का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं सुबह से ही नए पारंपरिक वस्त्र धारण कर और सोलह श्रृंगार कर एकत्रित हुईं। मंगल गीत गाते हुए महिलाएं पीपल वृक्ष के स्थान पर पहुंचीं, जहां विधि-विधान के साथ दशा माता की पूजा-अर्चना की गई। पूजन के दौरान महिलाओं ने कच्चे सूत से बनी बेल में दस गाठें लगाकर पीपल के वृक्ष के चारों ओर धागा बांधा और दस परिक्रमा लगाई। इसके बाद विधिपूर्वक दशा माता की पूजा कर सामूहिक रूप से दशा माता की कथा सुनी और सुनाई।



महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, घर में सुख-शांति तथा संतान की लंबी आयु की कामना करते हुए पीपल वृक्ष की पूजा की।

# पीपल के पेड़ के नीचे महिलाओं ने की दशा माता की पूजा, सुनी व्रत कथा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक।** उपखंड क्षेत्र हाजीवास गेहूली मंशा अखेपुर शुक्रवार को दशा माता का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने गांवों में पीपल के पेड़ के नीचे एकत्रित होकर विधि-विधान से दशा माता की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने पीपल के पेड़ की परिक्रमा की और दशा माता की व्रत कथा सुनी। महिलाओं ने परंपरा अनुसार दशा माता की दस कथाएं सुनते हुए परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और




क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही पूजा स्थलों पर महिलाओं की चहल-पहल रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर व्रत का पालन किया। पूरे क्षेत्र में दशा माता पर्व को लेकर धार्मिक माहौल बना रहा।

# 27 अप्रैल को संभाग स्तर पर लगेगी पेंशन अदालत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पेंशन निदेशालय जयपुर के निर्देशानुसार पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए 27 अप्रैल को संभाग स्तर पर पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।

कोषाधिकारी डॉ. टीना रोलानियां ने बताया कि पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स को पेंशन प्रकरण प्रस्तुत करने में आ रही प्रक्रियात्मक समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से इस पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से पेंशन से संबंधित लंबित प्रकरणों एवं शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स तथा 31 मार्च तक सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक अपनी समस्याओं के निराकरण के



लिए निर्धारित प्रारूप में 25 मार्च तक कोष कार्यालय या संबंधित उपकोष कार्यालय में परिवेदनाएं प्रस्तुत कर सकते हैं। इन परिवेदनाओं का निस्तारण संभाग स्तर पर आयोजित पेंशन अदालत में किया जाएगा।

डॉ. रोलानियां ने बताया कि परिवेदना प्रपत्र कोषाधिकारी कार्यालय एवं उपकोष कार्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान की जिला स्तरीय बैठक सर्किट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौभाग्य सिंह सोलंकी ने की तथा जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शर्मा के सानिध्य में आयोजन हुआ।

बैठक में प्रदेश वरिष्ठ सचिव इस्माइल कायमखानी के भीलवाड़ा आगमन पर



माल्यार्पण कर मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जिनमें उपार्जित अवकाश के भुगतान और कोर्ट पेशी पर जाने वाले कर्मियों के यात्रा भत्ते को जिला स्तर पर करने की मांग प्रमुख रही। प्रदेश वरिष्ठ सचिव कायमखानी ने संगठन को मजबूत बनाने और सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में 35 से 40 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में 22 मार्च को पुलिस लाइन स्थित संतोषी माता मंदिर में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। अंत में अध्यक्ष सौभाग्य सिंह सोलंकी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सुहागिन महिलाओं ने किया दशामाता का पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

कस्बे में महिलाओं ने परम्परागत श्रद्धा और उल्लास के साथ दशा माता का पर्व मनाया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से दशा माता की पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज धज कर पीपल के पेड़ के नीचे एकत्र होकर पीपल के पेड़ की दस बार परिक्रमा की और कच्चे सूत का धागा लपेटकर पूजन किया।

महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर कुमकुम, हल्दी, मेहंदी अर्पित की। साथ ही चुनरी ओढाकर आटे व हल्दी से बनी सोलह



श्रृंगार की सामग्री भेंट की। दशा माता से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान महिलाओं ने शुभता का प्रतीक धागा पहना और नल दमयंती की कथा सुनी।

# महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से मनाया दशा माता पर्व, सुख-समृद्धि की कामना

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र में महिलाओं ने शुक्रवार को दशा सुधारने और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ दशा माता का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया। अलसुबह से ही महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्रित होकर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में जुट गईं। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की कुमकुम, हल्दी और अक्षत से विधि-विधान के साथ पूजा कर गले में दशा माता की बेल धारण की। सोलह श्रृंगार कर महिलाएं हाथों में पूजा की थाली



लेकर पीपल के पेड़ के पास पहुंचीं और परिक्रमा लगाकर दशा माता की कथा सुनी। इस दौरान महिलाओं ने परिवार की दशा सुधारने, सुख-समृद्धि और दाम्पत्य जीवन की खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने व्रत उपवास खोलकर पर्व का समापन किया।

# महिलाओं ने की दशा माता की पूजा-अर्चना

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**(गजानंद जोशी)।** कस्बे में शुक्रवार को महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ दशा माता का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए दशा माता की पूजा-अर्चना की।

बालाजी महिला मंडल पडेर के तत्वावधान में आयोजित पूजन में फूलनगर, शिवनगर, सुभाष नगर, जवाहर नगर और बस स्टैंड सहित आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं



शामिल हुईं। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार कर मलंग गीत गाते हुए पीपल वृक्ष के पास पहुंचीं, जहां विधि-विधान से दशा माता की पूजा की गई।

इस दौरान महिलाओं ने कच्चे सूत का धागा बनाकर उसमें दस गांठें लगाई और पीपल वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर दस परिक्रमा की।

# सावर में गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण, व्यवस्था पाई गई संतोषजनक

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर।**

जिला कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव ने शुक्रवार को कस्बे की राधे कृष्णा गैस एजेंसी व गोदाम का औचक निरीक्षण कर गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान स्टॉक और सप्लाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। गोदाम में पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध थे तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस वितरण किया जा रहा है। एजेंसी प्रबंधन के अनुसार क्षेत्र में 17,238 गैस कनेक्शन हैं, जिनमें 8,661 उज्ज्वला



योजना के अंतर्गत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सप्ताह में दो बार तथा कस्बे में प्रतिदिन डोर-टू-डोर गैस सप्लाई की जा रही है। तहसीलदार वैष्णव ने एजेंसी मैनेजर मुकेश मूंदड़ा व कर्मचारियों को उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिए। इस दौरान सावर थाना प्रभारी राधेश्याम चौधरी भी मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### भीलवाड़ा में रविवार को विशाल साधु-संत महासम्मेलन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

धर्मनगरी भीलवाड़ा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विजयसिंह पथिकनगर केन्द्र के तत्वावधान में आगामी रविवार को विशाल साधु-संत महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम पथिकनगर स्थित अग्रवाल भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सम्मेलन में जिले के विभिन्न मंदिरों और धर्म स्थलों से जुड़े संत-महात्मा, पुजारी व पंडित शामिल होंगे। कार्यक्रम में ऋषिकुल धाम जोधपुर के आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. शिव स्वरूपानंदजी महाराज, सहारनपुर के आचार्य महामंडलेश्वर कमलकिशोरजी महाराज, हरिशेवा धाम भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी हंसारामजी उदासीन, ब्रह्माकुमारी प्रयागराज की राजयोगिनी बीके मनोरमा दीदी और माउंट आबू के ब्रह्माकुमार रामनाथ भाई का सानिध्य मिलेगा।

ब्रह्माकुमारी केन्द्र प्रभारी बीके इंदिरा दीदी ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य आध्यात्मिकता के माध्यम से सनातन संस्कृति से जुड़ाव को मजबूत करना है। कार्यक्रम में संतों के आशीर्वचन के बाद राजयोगी युगलों का सम्मान भी किया जाएगा तथा राजयोग के माध्यम से तनावमुक्त और सुखी जीवन जीने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया दशा माता का पर्व

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**



कस्बे में शुक्रवार को दशा माता का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। रामदेव मंदिर स्थित पिपली, कालिका माता टंकी तथा शिवनगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर पीपल के पेड़ की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर महिलाओं ने गंगाजल व पंचामृत से अभिषेक कर माता को विभिन्न पकवानों और मिठाइयों का भोग लगाया। पूजा के दौरान दशा माता की कथा का वाचन किया गया और महिलाओं ने विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए।

परंपरा के अनुसार महिलाओं ने पीपल के पेड़ की कच्चे सूत के धागे से परिक्रमा कर धागा बांधा और परिवार की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इसके बाद पूजा स्थल पर महिलाओं ने माता के मंगल गीत गाए और ढोल की थाप पर नृत्य भी किया।

इस दौरान कंचन देवी सेन, रेखा देवी, मीरा देवी सेन, मधु देवी, उषा देवी, पायल सेन सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

### बरूंदनी में श्रद्धा के साथ मनाया दशा माता का पर्व

**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास**



**(रोशन)।** बरूंदनी कस्बे में महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ दशा माता का व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्रित हुईं और विधि-विधान से दशा माता की पूजा कर पेड़ के चारों ओर धागा बांधकर परिक्रमा की।

महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और संतान की लंबी उम्र की कामना करते हुए पूजा की। पूजा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

इस अवसर पर रेखा सोमानी, रेखा टेलर, रेखा साहू, अनिता, मनीषा शर्मा, अनिता शर्मा, बबली भट्ट, भूला साहू, पुष्पा गट्टाणी, शांति अहीर, शारदा लढ़ा सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

### शक्करगढ़ क्षेत्र में श्रद्धा के साथ मनाया दशा माता व्रत

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



क्षेत्र में शुक्रवार को महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ दशा माता व्रत मनाया। सुबह से ही महिलाओं ने स्नान कर पारंपरिक वेशभूषा में दशा माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

महिलाएं समूह बनाकर पूजा स्थलों पर पहुंचीं और दशा माता की कथा सुनी। इस दौरान पीपल के वृक्ष की पूजा कर कच्चा धागा बांधा और दीप प्रज्वलित कर घर-परिवार की खुशहाली व शांति की प्रार्थना की।

दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को पूजा-अर्चना कर व्रत का पारायण किया गया। इस दौरान महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।